

## एक नजर में

### ई-टोकन प्रणाली से खाद नहीं बेचने वाले 4 विक्रेताओं को कारण नोटिस

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण व कृषि विकास आर के सिंह ने बताया कि रतलाम जिले में राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के पालन में 1 अप्रैल से ई-विकास (ई-टोकन) उर्वरक प्रणाली के तहत ही शतप्रतिशत उर्वरक वितरण करने के निर्देश सभी खाद विक्रेताओं को दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेशानुसार ई-टोकन प्रणाली के तहत 16 अप्रैल एवं 18 अप्रैल को उर्वरक वितरित न करने वाले 4 निजी उर्वरक विक्रेता मेसर्स मोगरा ब्रदर्स सैलाना, मेसर्स श्री गुरू ट्रेडर्स धानमण्डी जावरा, मेसर्स नाकोड़ा कृषि सेवा केन्द्र ग्राम बर्डियागोयल जावरा एवं मेसर्स मेहता खाद भण्डार सैलाना को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया ।

### कृषि उपज मंडी में लोकवन गेंहू का उच्चतम भाव 3161 रुपये प्रति क्विंटल रहा

**रतलाम।** सचिव कृषि उपज मंडी किशोर कुमार नरगावे ने बताया कि आज कृषि उपज मंडी रतलाम में विभिन्न उपजों की बिक्री की गई। रतलाम कृषि उपज मंडी में लोकवन गेंहू का उच्चतम भाव 3161 रुपये प्रति क्विंटल रहा एवं न्यूनतम भाव 2587 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि मॉडल भाव 3737 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

### उपार्जन के लिए 15 हजार 581 किसानों ने किए स्लाट बुक

**रतलाम।** जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। आज दिनांक तक ज़िले में कुल 5226 किसानों से 21071 टन गेंहू खरीदी की गयी। अब तक कुल 15581 किसानों द्वारा स्लाट बुक किये गये है।

### शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षाएं प्रात: 7 :30 बजे से 12 बजे तक संचालित होगी

**रतलाम।** जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ एवं सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढा द्वारा जिले की समस्त शासकीय/ अशासकीय/ अनुदान प्राप्त/एमपीबीएसई/ सीबीएसई/ आईसीएसई एवं मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षाएं प्रात: 7:30 बजे से 12 बजे तक संचालित होगी। शिक्षक संस्था में प्रात: 7 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक अपना विद्यालयीन कार्य करेंगे। अन्य गतिविधियां एवं परीक्षा कार्यक्रम अपने निर्धारित समय पर संचालित होंगे।

### आईटीआई रतलाम में युवा संगम स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 29 को

**रतलाम।** जिला रोजगार अधिकारी यू.पी.अहिरवार ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग व तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 29 अप्रैल को शासकीय आई.टी.आई सैलाना रोड रतलाम में किया जायेगा। जिसमे बेरोजगार युवाओ को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। शैक्षणिक योग्यता 10वी उत्तीर्ण से स्नातक एवं आई.टी. आई उतीर्ण तथा आयु 18 से 35 वर्ष तक होना आवश्यक है। इच्छुक आवेदक युवा संगम मेले में 29 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई, सैलाना रोड रतलाम, में अपना फोटो, शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, समग्र आईडी एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित हो सकते है।

# गेहूं खरीदी केंद्रों की शिकायतों पर सख्ती, 5 सदस्यीय जांच दल गठित

▶ **किसानों की शिकायत पर बिलपांक के उपार्जन केंद्रों और वेयरहाउस की होगी विस्तृत जांच**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत उपार्जन कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और किसानों की शिकायतों के निराकरण के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी उपार्जन नीति के पालन में कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने जांच दल का गठन किया है।

यह जांच दल सेवा सहकारी संस्था बिलपांक के उपार्जन केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 तथा तिरूपति वेयरहाउस, सिनोद में किसानों से प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जांच करेगा। गठित पांच सदस्यीय दल में तहसीलदार आशीष उपाध्याय, जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले, महाप्रबंधक सीसीबी आलोक जैन, उपयंत्री सीसीबी शैलेष खरे तथा जिला प्रबंधक एम.पी.डब्ल्यू.एल.सी शुभम भरने को शामिल किया गया है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**▶ नायब तहसीलदार ने किया आकस्मिक निरीक्षण**

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। मंगलवार को नामली क्षेत्र में नायब तहसीलदार प्रतिभा भाभर ने श्री पदमादेवी वेयरहाउस, नामली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार ने तौल कांटों का सत्यापन किया। नायब तहसीलदार ने किसानो से संवाद कर उपार्जन प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं एवं केंद्रों पर की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## डीजे विवाद में युवक की हत्या का 24 घंटे में खुलासा, 3 गिरफ्तार, 2 नाबालिग भी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/ताल।** जिले के ताल कस्बे में विवाह समारोह के दौरान हुए डीजे विवाद में युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे में खुलासा कर दिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों समेत दो विधि विरुद्ध बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 20 मार्च को ताल के भोई मोहल्ले में एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर गाली-गलौज को लेकर विवाद शुरू हुआ। फरियादी पक्ष द्वारा आपत्ति जताने पर डीजे संचालक माखन उर्फ राहुल कुमावत और उसके साथियों ने दिलीप माली के साथ मारपीट की।

इसी दौरान आरोपी माखन कुमावत ने दिलीप के पेट में चाकू से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने आए विनोद भोई और समरथ भोई के साथ भी आरोपियों ने लोहे के पाइप से मारपीट की। घायल दिलीप को इलाज के लिए रतलाम ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी माखन उर्फ राहुल कुमावत (26) निवासी मंदसौर, बापू कहार (30) निवासी प्रतापगढ़ (राजस्थान), हरीश भोई (22) निवासी मंदसौर और दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू, लोहे का पाइप और डीजे वाहन (एमपी13 जीए5099) जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है। आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना ताल सहित बरखेड़ाकलां, आलोट और विभिन्न चौकियों की टीमों की अहम भूमिका रही।

**तनाव के चलते थाने पर अतिरिक्त बल तैनात**

घटना के बाद थाना ताल में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल और एसडीओपी संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए आसपास के थानों का अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया।

## किसान ने की योजना में गड़बड़ी से वंचित होने की शिकायत, होगी जांच

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आमजन की विभिन्न समस्याओं पर सुनवाई करते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। ग्राम सिमलावदा निवासी किसान पन्नालाल का मामला प्रमुख रूप से सामने आया, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री कृषक सूर्य योजना में गड़बड़ी की शिकायत दर्ज कराई।

पन्नालाल ने बताया कि वर्ष 2019 में उन्होंने योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन कर आवश्यक धरोहर राशि जमा की थी, लेकिन विभागीय रिकॉर्ड में यह राशि प्रदर्शित नहीं हो रही है। इसके कारण उन्हें आज तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने संबंधित विभाग को जांच कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने कुल 94 आवेदनों पर सुनवाई की। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को समय-सीमा में निपटाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। अन्य प्रकरणों में कसारी हरोड निवासी शांतिलाल द्वारा विद्युत लाइन ऊंची करने, अम्बोदिया की हेमलता धाकड़ द्वारा खेल उपकरण हेतु सहायता तथा खेतलपुर की सीताबाई द्वारा नामांतरण में देरी की शिकायत भी सामने आई, जिन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने आश्वासन दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों का गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके।

## पांच दिन बाद भड़का गुस्सा, दो शवों के मामले में थाने का घेराव

▶ **तालाब में मिले युवकों के शव पर उठे सवाल, परिजन ने जताई साजिश की आशंका**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** करमदी तालाब में दो युवकों के शव मिलने की घटना के पांच दिन बाद परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट लोगों ने मंगलवार को माणकचौक थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

जानकारी के अनुसार, घटना से पांच दिन पहले ग्रामीणों ने चोरी के संदेह में प्रकाश नामक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था, जबकि उसके दो साथी—मुन्ना और शंकर—मौके से फरार हो गए थे। परिजनों का आरोप है कि तीन दिन बाद दोनों युवकों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में करमदी तालाब से बरामद हुए, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहरा गया है।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह केवल डूबने का मामला नहीं है, बल्कि इसके पीछे किसी साजिश या हिंसक घटना की आशंका है। उनका आरोप है कि पुलिस अब तक ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) सत्येंद्र घनघोरिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाइश देते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। आश्वासन के बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए और धरना समाप्त किया। प्रशासन ने मामले की जांच तेज करने की बात कही है।

**तेज गर्मी के बावजूद महिलाएं और परिजन धरने पर बैठे**

थाने के बाहर प्रदर्शन के दौरान भावुक माहौल देखने को मिला। तेज गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं और परिजन धरने पर बैठे रहे। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।

## गेहूं खरीदी में रहे पारदर्शिता, धर्मकांटों की सघन जांच



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** गेहूं उपार्जन कार्य में पारदर्शिता और सटीक तौल सुनिश्चित करने के लिए नापतौल विभाग द्वारा जिले में धर्मकांटों (व्हे-ब्रिज) की सघन जांच की गई। कलेक्टर मिशा सिंह एवं नियंत्रक नापतौल म.प्र. भोपाल ब्रजेश सक्सेना के निर्देश पर सहायक नियंत्रक/निरीक्षक नापतौल भारत भूषण ने विभिन्न उपार्जन केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

जांच के दौरान जावरा स्थित श्री बालाजी धर्मकांटा, आलोट कृषि उपज मंडी परिसर में श्री नाथ धर्मकांटा, ताल कृषि उपज मंडी परिसर में विनोद कुमार जैन धर्मकांटा तथा ग्राम सिनोद स्थित तिरूपति वेयरहाउस के धर्मकांटे का निरीक्षण किया गया। सभी स्थानों पर धर्मकांटे नियमानुसार सत्यापित एवं मुद्रांकित पाए गए। साथ ही तौल की सटीकता की जांच में भी सभी धर्मकांटे सही तौल करते मिले।

निरीक्षण के दौरान नापतौल निरीक्षक ने संचालकों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन तौल कार्य शुरू करने से पहले प्रमाणित बांटों से तौल की जांच अनिवार्य रूप से करें। यदि तौल में किसी प्रकार का अंतर पाया जाए तो तत्काल तौल कार्य बंद कर विभाग को सूचित करें और संबंधित कंपनी के इंजीनियर से कैलिब्रेशन कराएं। इसके बाद विभाग से पुन: सत्यापन एवं मुद्रांकन कराकर ही तौल कार्य प्रारंभ करें। इसके साथ ही धर्मकांटा संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे विभाग द्वारा जारी सत्यापन प्रमाण पत्र को प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करें, ताकि किसानों को तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता का भरोसा मिल सके।

## अक्षय तृतीया पर जैन सोशल ग्रुप नवकार ने बांटा गन्ने के रस

**जावरा।** जैन धर्म के पर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर जैन सोशल ग्रुप नवकार परिवार द्वारा इक्षु रस (गन्ने के रस) वितरण का आयोजन किया गया। यह आयोजन वर्षीतप पारणा के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। धार्मिक मान्यता के अनुसार वर्षीतप का समापन अक्षय तृतीया के दिन इक्षु रस ग्रहण कर किया जाता है। इसी परंपरा को निभाते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में बडी सख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर इक्षु रस का लाभ लिया।

यह आयोजन सोमवार को स्थानीय पीपली बाजार स्थित जैन मंदिर के बाहर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य सकल जैन श्रीसंघ के श्रद्धालुओं को वर्षीतप पारणा के इस पुण्य अवसर से जोड़ना था। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों एवं समाजजनों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सेवा प्रदान की और आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष आशीष कोठारी, जोन कोऑर्डिनेटर मनोज मेहता, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कांठेड़, अभिषेक बोरदिया, हर्षित पगारिया, सचिव पुनित चौरड़िया, कोषाध्यक्ष मनीष दसेड़ा, संयोजक सौरभ मेहता, अंकित मेहता, अर्पित नाहटा, अभिषेक चत्तर, प्रियंक धारीवाल, आयुष चौरड़िया, शेखर रजावत, राजशेखर भंडारी, अनुराग संघवी, अतुल पगारिया, मनीष पावेचा, शरद डुंगरवाल, अभिषेक सकलेचा, कपिल ललवानी, दीपक चंडालिया, दीपक चपड़ोद, अंकित जैन, राजेश लोढ़ा, मितेश धोका, भावेश हरण, जय छाजेड़, राकेश श्रीमाल, अंशुल चत्तर एवं संभव आंचलिया उपस्थित रहे।

## घरेलू सिलेंडर के दुरुपयोग पर सख्ती, निरीक्षण में कार्रवाई

▶ **एक रेस्टोरेंट से सिलेंडर जब्त, अन्य प्रतिष्ठानों को दी गई सख्त चेतावनी**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर रोक को सख्ती से लागू करने के लिए जिला प्रशासन ने औचक निरीक्षण अभियान चलाया। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देश पर जिला खाद्य अधिकारी एवं जीएसओ की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न होटल-रेस्टोरेंट्स पर जांच की।

निरीक्षण के दौरान त्रिमूर्ति रेस्टोरेंट, बालाजी रेस्टोरेंट, अग्रवाल स्वीट, जालाराम स्वीट, बालाजी सेंट्रल, 7 हिल्स, गुरु प्रसादम राजभोग भोजनालय सहित अन्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। अधिकांश स्थानों पर डीजल भट्टी, कोयला भट्टी एवं कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग पाया गया, जो नियमानुसार सही था।

हालांकि पुष्पांजलि रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। इस पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सिलेंडर जब्त किया और संबंधित संचालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

साथ ही सभी संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे केवल अधिकृत कमर्शियल सिलेंडर का ही उपयोग करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कु . दुर्विका झवर का युविका कार्यक्रम में चयन, 2 सप्ताह का मिलेगा प्रशिक्षण

**जावरा।** इसरो द्वारा संचालित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय की टॉपर होनहार छात्रा कु दुर्विका नवीन झवर का चयन एक चयन परीक्षा के माध्यम से हुआ है।

दुर्विका को सतीश धवन स्पेस सेंटर श्री हरिकोटा में 2 सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें अंतरिक्ष विज्ञान, राकेट, सेटेलाइट आदि के बारे में सिखाया जाएगा, साथ ही इसरो के मिशन, प्रयोगशाला गतिविधियां, वैज्ञानिकों से सीधे संवाद आदि भी कराया जाएगा। दुर्विका वर्तमान में कक्षा 10 की छात्रा है और 10 मई से 2 सप्ताह के प्रशिक्षण हेतु सतीश धवन को सेंटर श्री हरिकोटा प्रस्थान करेंगी। दुर्विका की इस



उपलब्धि पर पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट प्राचार्य शांतिलाल तेली, उप प्राचार्या सुचिता खुराना एवं समस्त शिक्षकों द्वारा हर्ष व्यक्त कर बधाई एवं शुभ कामनाएं प्रदान की हैं।

## क्रोध, ईर्ष्या और असत्य से बचकर ही आत्मकल्याण संभव

**रतलाम।** स्टेशन रोड स्थित चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में विराजित पूज्य मुनि श्री 108 निर्णय सागर जी मसा. एवं छुल्लक श्री 105 तत्व सागर जी मसा. के सान्निध्य में धर्मसभा आयोजित हुई। इस अवसर पर मुनि श्री निर्णय सागरजी मसा. ने प्रवचन देते हुए कहा कि मनुष्य के भीतर उठने वाली ईर्ष्या, क्रोध और द्वेष ही उसके पतन का मुख्य कारण बनते हैं। मुनि श्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे जंगल में आग फैलती है, वैसे ही मन में उत्पन्न ईर्ष्या भी धीरे-धीरे पूरे व्यक्तित्व को जला देती है। जब मनुष्य दूसरों की उन्नति देखकर दुखी होता है, तब वह विवेक खो देता है और सही-गलत का निर्णय नहीं कर पाता।

**एक नजर में** ▶ **द्वितीय और तृतीय को 15 हजार के साथ ही 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि की भेंट**

## स्कूल में टॉपर्स का सम्मान, प्रधी सिंह को 51 हजार का पुरस्कार

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान महावीर जैन नेशनल स्कूल, जावरा में कक्षा 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे और पूरे समारोह के दौरान उत्साह एवं गौरव का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों को सम्मानित कर उन्हें भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था। समारोह के दौरान जावरा नगर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रधी सिंह (96.6 प्रतिशत) को




विद्यालय डायरेक्टर डॉ. अश्विन गंगवाल की ओर से 51 हजार की नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले जपमीत सिंह सलूजा (95.4 प्रतिशत) तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले यश धाकड़ (95.2प्रतिशत) को 15-15 हजार की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई, जिसकी घोषणा होते ही सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान सभी मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर पारंपरिक साफा एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें विद्यालय की ओर से सम्मान-पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान किए गए। इस अवसर पर 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 44 विद्यार्थियों को भी मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

**▶ विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों का भी किया सम्मान**

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों का भी मंच पर सम्मान किया गया, क्योंकि विद्यालय प्रबंधन के अनुसार विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों का सहयोग और मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूरे समारोह के दौरान विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक ऊँचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।